परिक्षेत्रीय कार्यालय,
परिक्षेत्र बस्ती

प्रेस नोट
दिनांक – 21-11-2026

- **डीआईजी बस्ती द्वारा रेंज के क्षेत्राधिकारीगण के साथ की गई गोष्ठी।**
- **संबन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 21.11.2026 को परिक्षेत्रीय कार्यालय बस्ती के सभागार में पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा रेंज के क्षेत्राधिकारियों के साथ गोष्ठी की गयी।

डीआईजी बस्ती द्वारा गोष्ठी मे साइबर अपराध के संबन्ध में विस्तार से वार्ता की गयी।लंबित विवेचनाओं एवं जनशिकायतों की समीक्षा करते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

डीआईजी बस्ती द्वारा गोष्ठी के दौरान साइबर अपराधों की रोकथाम, साइबर शिकायतों के निस्तारण, लंबित विवेचनाओं एवं जनशिकायतों की समीक्षा करते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराने, MRM एवं GRM, NCRP पोर्टल, होल्ड अमाउंट एवं रिफंड अमाउंट की समीक्षा करते हुए साइबर अपराध पीड़ितो को धनराशि अधिकाधिक वापस कराए जाने, साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये । इसके साथ ही लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, संपत्ति संबंधी अपराधों का सफल अनावरण कराने, पंजीकृत अभियोगों में समय से गुणवत्तापूर्ण SID जनरेट कराने,अपराध रजिस्टर में सभी प्रविष्टियों को अद्यावधिक कराने, यक्ष पोर्टल पर बीट से संबंधित सभी 21 प्रकार की बीट सूचनाएं दर्ज करवाकर समय से टिप्पणी/कार्यवाही अंकित कराने, विभागीय व प्रारंभिक जांच एवं जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी रुधौली, कलवारी, हर्रैया, खलीलाबाद,बांसी एवं शोहरतगढ़ तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

मीडिया सेल
परिक्षेत्र बस्ती